मूल्य 1 रु.

वर्ष: 14 - अंक : 73, मुंबई, गुरुवार, 9 मई, 2024 ■ RNI.NO. MAHHIN/2010/34146 ■ संपादक: दिलशाद एस. खान

# दैनिक मुंबई हलचल ®

भारत सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त

अब हर सच होगा उजागर




DESI VILLAGE
RESTAURANT & CAFE
DUBAI

# जून में शुरू होगा मुंबई मेट्रो 3 का पहला चरण !

## 6 साल से लोग कर रहे इंतजार



**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** मुंबई के लोग बीते कई सालों से अंडरग्राउंड मेट्रो यानी मेट्रो 3 का इंतजार कर रहे है, लेकिन अब यह इंतजार खतम होने वाला है। क्योंकि जल्द ही मेट्रो 3 का पहला चरण (आरे - बीकेसी) जिसे एक्का लाइन भी कहते हैं जनता के लिए खोल दिया जाएगा। जून में उद्घाटन की उम्मीद की जा रही है। इस लाइन के टनलिंग का काम 6 साल पहले शुरू हुआ था। मिली जानकारी के अनुसार, प्राधिकरण फिलहाल शार्ट स्ट्रेच पर ट्रेन चलाने की तैयारी कर रहा है। **(शेष पृष्ठ 3 पर)**

मुंबई मेट्रो प्राधिकरण ने कफ परेड-बीकेसी-सीप्ज कॉरिडोर को तीन चरणों में खोलने की योजना बनाई है। सीप्ज को बीकेसी से जोड़ने वाले पहले चरण का संचालन जल्द शुरू हो जाएगा, इसे वर्ली तक बढ़ाया जाएगा, जो की दूसरे चरण में शामिल है

# मोदी के लिए 200 पार करना मुश्किल

## कांग्रेस प्रदेश प्रभारी चेन्निथला का चैलेंज




**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बीजेपी के स्टार प्रचारक के रूप में देश भर में घूम-घूमकर 400 पार की घोषणाएं कर रहे हैं, लेकिन वास्तव में उनके लिए इस बार 200 पार करना भी मुश्किल होगा। पहले चरण के मतदान को देखकर मोदी को भी अपनी हार का एहसास हो गया है। पहले बीजेपी वाले मान कर चल रहे थे कि मोदी कार्ड महाराष्ट्र में भी चलेगा, लेकिन उनकी धारणा पूरी तरह गलत साबित हो रही है। मोदी और बीजेपी को यह चैलेंज प्रदेश कांग्रेस प्रभारी रमेश चेन्निथला ने दिया है। **(शेष पृष्ठ 3 पर)**

# कैदी को चिकित्सकीय उपचार का अधिकार

## उसकी गरिमा होती है: बॉम्बे हाई कोर्ट



**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** बंबई उच्च न्यायालय ने धनशोधन मामले में गिरफ्तार जेट एयरवेज के संस्थापक नरेश गोयल को स्वास्थ्य के आधार पर दो महीने के लिए अंतरिम जमानत देते हुए कहा कि एक कैदी को भी चिकित्सकीय उपचार का अधिकार होता है और वह सम्मान का हकदार है। न्यायमूर्ति एन. जे. जमादार की एकल पीठ ने कहा कि एक विचाराधीन कैदी के रूप में इलाज कराने और बिना किसी रोक-टोक के नागरिक के रूप में उपचार कराने के बीच अंतर है। पीठ ने सोमवार को गोयल को चिकित्सकीय आधार पर दो महीने की अंतरिम जमानत दे दी थी। आदेश की प्रति मंगलवार को उपलब्ध कराई गई। गोयल (75) ने चिकित्सकीय और मानवीय आधार पर अंतरिम जमानत प्रदान करने का आग्रह किया था, क्योंकि वह और उनकी पत्नी कैंसर से पीड़ित हैं। **(शेष पृष्ठ 3 पर)**

# मुंबई में चिकन शोरमा खाने के बाद युवक की मौत

## 2 व्यक्ति गिरफ्तार

## गिरफ्तार



**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** मुंबई में चिकन शोरमा खाने से 19 वर्षीय युवक की मौत के बाद पुलिस ने उन दो लोगों को गिरफ्तार किया है, जिनके स्टॉल से वह खरीदा गया था। एक अधिकारी ने मंगलवार को कहा कि मृतक की पहचान प्रथमेश भोसके के रूप में हुई है और वह तीन मई को ट्रोम्बे इलाके में स्थित आरोपियों के स्टॉल से खाद्य सामग्री खरीदकर लाया था। उन्होंने कहा कि चार मई को भोसके को पेट में दर्द और उल्टी होने पर नजदीकी नगरपालिका अस्पताल ले जाया गया। **(शेष पृष्ठ 3 पर)**

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

## हमारी बात

### बिना लहर के चुनाव का सस्पेंस

**लोकसभा** चुनाव 2024 के तीसरे चरण के मतदान के बाद यह और स्पष्ट हो गया है कि चुनाव किसी एक राष्ट्रीय मुद्दे पर नहीं लड़ा जा रहा है, बल्कि बिल्कुल स्थानीय स्तर पर लड़ा जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंदिर, आरक्षण आदि के जरिए हिंदुत्व के मुद्दे को और पाकिस्तान के जरिए राष्ट्रवाद के मुद्दे को स्थापित करने का भरपूर प्रयास किया, इसके बावजूद तीसरे चरण में भी मतदान नहीं बढ़ा। इक्का दुक्का राज्यों को छोड़ कर सभी जगह पिछली बार से कम मतदान हुआ और मतदाताओं का जोश नदारद रहा। नरेंद्र मोदी के नाम के अंडरकरंट से इनकार नहीं किया जा सकता है लेकिन ऊपर से कोई चुनावी लहर नहीं दिखाई दी। इस बार के चुनाव में जो सबसे महत्वपूर्ण चीज दिख रही है वह है राज्य स्तर पर पार्टियों का राजनीतिक गठबंधन और उस गठबंधन का सामाजिक समीकरण। चुनाव में उम्मीदवार की जाति भी मुख्य भूमिका निभा रही है और स्थानीय मुद्दों पर भी लोग उम्मीदवारों से सवाल पूछ रहे हैं। जब चुनाव शुरू हुआ था तब ऐसा बिल्कुल नहीं लग रहा था। तभी नरेंद्र मोदी ने मतदाताओं से कहा था कि सभी 543 सीटों पर वे खुद चुनाव लड़ रहे हैं। ऐसा लग भी रहा है कि लोग हर सीट पर उनकी मौजूदगी महसूस कर रहे हैं लेकिन उम्मीदवार की योग्यता और क्षमता को भी तौल रहे हैं। सो, चुनाव निश्चित रूप से बिना किसी राष्ट्रीय मुद्दे के और बिना किसी लहर के है। ऐसे में राजनीतिक गठबंधन और सामाजिक समीकरण की भूमिका स्वाभाविक रूप से बहुत अहम हो जाती है। इसके बाद उम्मीदवारों की जाति का महत्व बढ़ जाता है और पार्टियों की संगठनात्मक ताकत की बड़ी भूमिका हो जाती है। ध्यान रहे भाजपा ने भी सामाजिक समीकरण को व्यापक बनाने के लिए राजनीतिक गठबंधन किया है। उत्तर प्रदेश में उसने अपना दल के साथ साथ राष्ट्रीय लोकदल, सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी, निषाद पार्टी आदि के साथ तालमेल किया है। इस तरह बिहार में जनता दल यू और लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के अलावा भाजपा ने हिंदुस्तान आवाम मोर्चा और राष्ट्रीय लोक मोर्चा के साथ गठबंधन किया है। महाराष्ट्र में शिव सेना, एनसीपी, आरपीआई से उसका तालमेल है तो कर्नाटक में जेडीएस से उसने गठबंधन किया है। आंध्र प्रदेश में टीडीपी और जन सेना पार्टी से तालमेल है तो तमिलनाडु में पीएमके, एएमएमके आदि पार्टियों से उसका गठबंधन है। इन तमाम प्रादेशिक पार्टियों के सहारे भाजपा ने अपने सामाजिक समीकरण का विस्तार किया है। दूसरी ओर विपक्षी समूह इंडिया ने भी मजबूत गठबंधन बनाया है और राज्यवार सामाजिक आधार बड़ा किया है। हालांकि विपक्षी गठबंधन के साथ एक समस्या यह है कि इंडिया का हिस्सा होने के बावजूद कई पार्टियां अलग चुनाव लड़ रही हैं, जिससे कंफ्यूजन भी बना है और वैचारिक व राजनीतिक विरोधाभास भी जाहिर हुआ है। जैसे केरल में कम्युनिस्ट पार्टियों का मुकाबला कांग्रेस के साथ है तो पंजाब में कांग्रेस और आम आदमी पार्टी आपस में लड़ रहे हैं, जबकि लेफ्ट मोर्चा और आप दोनों इंडिया का हिस्सा हैं।

# मोदी मोदी नहीं क्योंकि नौकरी, नौकरी

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मेट्रो स्टेशन पर बाहर जितनी दुकानें बनाई थीं। बंद पड़ी हैं। कभी इतनीचलती थीं कि वहां ज्योतिषियों ने भी दुकान ले ली थी। मगर अब जूस की शेककी जो गर्मियों में सबसे ज्यादा चलती थीं वे भी बंद पड़ी हैं। हर दुकानपर दो तीन लड़कों को रोजगार मिलता था। मगर अब दुकान वाला खुद ही बेरोजगारहो गया है। यह मोटा आकलन है। बेरोजगारी, काम नहीं, जेब खाली। यही असल मसला है। महंगाई इसीलिए दूसरे नंबर पर है। जेब में पैसा ही नहीं है तो क्या महंगा क्या सस्ता।**



तीसरे चरण के मतदान के साथ ही आधी से ज्यादा सीटों पर चुनाव हो गया। 543में से 282 पर। सिर्फ 261 और बची हैं। अब चुनाव पलटा नहीं जा सकता। हां, जो माहौल बन गया है वह और तेज हो सकता है। माहौल इस समय मुद्दों का है। जिन्दगी से जुड़े ठोस मुद्दों का। बेरोजगारीइनमें सबसे ऊपर है। उसके साथ महंगाई। आम आदमी बहुत मुश्किल वक्त से जूझरहा है। जिन घरों में दो दो, तीन तीन तनखाएं आया करती थीं, उनमें एक भीनहीं आ रही है। बेरोजगारी का ऐसा आलम कभी नहीं था। आदमी को कोई न कोई काममिल जाता था। सबसे आसान काम हुआ करता था दुकानों पर सेल्स मेन सेल्ल गर्ललगना। कोई खास एजुकेशन, अनुभव, योग्यता की जरूरत नहीं होती थी। दुकान,स्टोर, शोरूम के बाहर हमेशा पर्चा लगा रहता था। जरूरत है! लड़के लड़कियों की। मगर आज लड़के लड़की घूमते हैं। यह पर्चियां ढुंढते हुए। कहीं नहींमिलतीं। वैसे ही किसी शोरूम में घुस जाओ, पूछो तो निराशा भरा जवाब मिलताहै। काम ही नहीं है। रख कर करेंगे क्या? बड़े बड़े माल की हालत तो और बुरी है। वहां लाइन से दुकानें बंद पड़ी मिल जाएंगी। ग्राहक ही नहीं है। मेट्रो स्टेशन पर बाहर जितनी दुकानें बनाई थीं। बंद पड़ी हैं। कभी इतनीचलती थीं कि वहां ज्योतिषियों ने भी दुकान ले ली थी। मगर अब जूस की शेककी जो गर्मियों में सबसे ज्यादा चलती थीं वह भी बंद पड़ी हैं। हर दुकानपर दो तीन लड़कों को रोजगार मिलता था। मगर अब दुकान वाला खुद ही बेरोजगारहो गया है। केवल कुछ बड़े मेट्रो स्टेशन, जंक्शन वाले ( जहां दो लाइनेंमिलती हैं) पर ही वह भी एंट्री के अंदर ही खाने पीने के स्टाल बचे हैं। यह एक मोटा आकलन है। तस्वीर जो लोग रोज देख रहे हैं। बेरोजगारी, कामनहीं, जेब खाली। इस पर अब मीडिया सर्वे नहीं करता है। बाकी ऐजेन्सियां भीनहीं। अगर आप कभी कुछ लिख दो तो भक्त जरूर आ जाएंगे चिल्लाने की ऐसा नहींहै। लेकिन अगर कभी मिल जाएं और आप उनसे पूछो कि क्या हाल है? तो वह भी अपनी खाली जेब दिखा देगा। महंगाई इसीलिए दूसरे नंबर पर है। जेब में पैसा ही नहीं है तो क्या महंगाक्या सस्ता। पढ़े लिखे लोग अपनी योग्यता से कम काम करने पर मजबूर हैं। कैब ड्राइवर, टू व्हीलर पर लाने ले जाने वाले, खाना डिलिवर करने वाले,जमेटो, स्वीगी वाले लड़के लड़कियां सब पढ़े लिखे युवा हैं। बड़े सपनेलेकर डिग्रियां, डप्लोमा लिए थे। इंजीनियर हैं, ला ग्रेजुएट हैं, बीएड हैं और कई दूसरे तकनीकी क्षेत्रों में विशेष योग्यता प्राप्त मगर काम वहकर रहे हैं जिसमें उनकी एजुकेशन कोई काम नहीं आ रही।ऐसे में मोदी जी के शिकवे शिकायत, भावुक मुद्दे, हिन्दू मुसलमान, रोनाधोना कैसे चल सकता है? देश की जनता भोली है, भावनाओं में जल्दी बह जातीहै, एक बार नहीं दो बार बहकाई जा सकती है। मगर इतनी भी बेवकूफ नहीं किउसका बच्चा भूखा हो और झूठ बोलने वाले उससे कहें कि तुम्हारे बच्चे का खूब पेट भरा हुआ है और वह मान जाए। खुद उसके भूखे रहने पर कहते हैं किदेखो उसका हवा पानी हमने रोक दिया तो वह एक बार गर्व में आ सकता है। मगरबच्चों की भूख पर उसे यह सुनकर तसल्ली नहीं होती कि वह ज्यादा बच्चे पैदाकरते हैं और कांग्रेस आएगी तो तुमसे छीनकर उन्हें दे देगी। वह आज कह नहीं पाए मगर सोचता है कि हमारे पास छोड़ा क्या? कोई क्या ले लेगा? हमारेबच्चों की भूख, उनकी पढ़ाई न होना, इलाज न मिलना!

# अकबरपुर में सीएम योगी का सवाल – क्या सपा और कांग्रेस के लोग राम मंदिर बना पाते?

## अकबरपुर की जनसभा में सीएम योगी ने प्रत्याशी देवेंद्र सिंह भोले के लिए मांगे वोट

**मुंबई हलचल/संवाददाता**



**कानपुर।** अकबरपुर से तीसरी बार प्रत्याशी बनाए गए देवेंद्र सिंह भोले के समर्थन में घाटमपुर के पतारा में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज यहां कहा कि इस लोकसभा चुनाव में एक तरफ राम भक्त और राष्ट्रभक्त हैं तो दूसरी तरफ राम द्रोही। अपने संबोधन के दौरान सपा कांग्रेस और बसपा पर प्रहार करते हुए सीएम योगी ने सवाल भी उठाया की क्या सपा और कांग्रेस को लोग राम मंदिर बना पाते। उन्होंने कहा कि विपक्ष माफियाओं को अपने गले का हार बनाता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम रामलला को ही विराजमान नहीं करते, माफिया का रामनाम सत्य भी करते हैं। प्रत्याशी देवेंद्र सिंह भोले को जिताने की अपील के साथ मुख्यमंत्री ने अकबरपुर की सराहना भी की और कहा कि कानपुर की धरती ऐतिहासिक को पौराणिक है और यहां के लोगों देश की आजादी में भी योगदान दिया है। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि हो रहे लोकसभा चुनाव का रुझान बताता है कि फिर एक बार मोदी सरकार और अबकी 400 पार। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार नए भारत को आत्मनिर्भर भारत की ओर ले जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले जाति के नाम पर लड़ाया जाता था और विपक्ष माफियाओं को अपने गले का हार बनाते थे।

उन्होंने कहा, विपक्षी भारत के खिलाफ ही साजिश में लग गए। एक तरफ रामभक्त दूसरी ओर द्रोही हैं। राम द्रोही का पतन तो हमेशा हुआ है। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ चुनाव नहीं भारत को दुनिया में आत्मनिर्भर बनाना है। जबकि विपक्ष जाति धर्म के नाम पर जनता को लड़ाकर माफिया को गले का हार बनाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस धर्म के आधार पर आरक्षण को फिर लागू करना चाहती है। ये देश के खिलाफ साजिश कर रहे हैं। सीएम योगी आदित्यनाथ ने इस दौरान उमेश पाल हत्याकांड की भी चर्चा की और कहा कि प्रयागराज में उमेश पाल की हत्या को लेकर उन्होंने कहा कि सरकार ने कहा था कि माफिया को मिट्टी में मिला देंगे और माफिया को मिट्टी में मिला दिया। पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह के निधन पर खामोश विपक्षी माफिया के घर फातिहा पढ़ने गये थे।

अपनी सभा के दौरान घाटमपुर में चीनी मिल चालू करने को मांग पर मुख्यमंत्री ने कहा, सर्वे रिपोर्ट आने दीजिए, शुगर कांप्लेक्स बनाएंगे। डिफेंस कारिडोर को लेकर कहा,यहां बनी तोपें गोला बारूद दुनिया में जा रहा है। इससे कानपुर का नाम चमक रहा है। यहां मुख्यमंत्रीने अकबरपुर का नाम भी बदलने का संकेत दिया और कहा कि अकबरपुर का बार बार लेने में संकोच होता है।गुलामी के अंशों को समाप्त करेंगे। इस दौरान सुरक्षा के भी बहुत कड़े इंतजाम रहे।

मालिक,मुद्रक,प्रकाशक–**दिलशाद एस खान** द्वारा एस आर प्रिंटिंग प्रेस,मोहन अर्जुन कंपाउंड, वैशाली नगर दहिसर (पूर्व),मुंबई–68 से मुद्रित व मुंबई हलचल,साईं मंगल को ऑ हॉ सो बी–2–301,इस्माइल बाग नियर मालाड शॉपिंग सेंटर, एस वी रोड,मालाड (प ) मुंबई से प्रकाशित RNI NO MAHHIN/2010/34146, फोन: **9619102478 /9821238815**
email: mumbaihalchal@gmail com संपादक: **दिलशाद एस खान,** समाचार पत्र में छपे किसी भी समाचार से संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी विवाद का निपटारा न्याय क्षेत्र मुंबई होगा।

## सुमय्या अली संस्थापक अध्यक्ष नारी शक्ति सेवा फाउंडेशन ने महानगर पालिका पानी पुरोठा विभाग की काली करतूत को किया उजागर

**मुंबई हलचल/ संवाददाता**

**पिछले** 3 महीने से प्रभाकमांक 1 में भारत नगर के नागरिकों को पीने के पानी के लिए महानगरपालिका पानी पराठा विभाग की ओरसे वंचित रखा जा रहा था जिसकी वजह से तेज गर्मी के दिनों में लोगों का जीना दुश्वार हो चुका था इस समस्या से परेशान होकर भारत नगर के नागरिक नारी शक्ति सेवा फाउंडेशन के ऑफिस पर बड़ी संख्या में पहुंचे और सुमय्या अली इनकी मुलाकात लेकर हो रही पानी की समस्या से अवगत कराया और गुहार लगाई मॅम पीने के पाणी के लिए हम लोग बहुत परेशान हो चुके हैं आप कुछ तो भी कीजिए तभी सुमय्या अली यांनी मनपा पानी परोठा विभाग के इंजीनियर और कर्मचारियों से पानी की समस्या को लेकर फोन पर चर्चा की पानी का वॉल बंद होने के बावजूद किसी भी प्रकार की पाइपलाइन चौकअप ना होते हुए भी पाइपलाइन चौकअप का बहाना बताते हुए वह दिशा भूल करते हुए समस्या को टालने लगे आखिर मजबूर होकर सुमय्या अली इन्होंने अपनी नारी शक्ति से वह फाउंडेशन की टीम और भारत नगर की कुछ महिलाओं को साथ लेकर



खुद अपने हाथों से वाल खोला तब कही जाकर लोगों के घरों तक पानी पहुंचा उसके बाद लोगों ने राहत की सांस ली सुमय्या अली इन्होंने मनपा पानी पराठा विभाग के इंजीनियर और कर्मचारियों को इशारा दिया के इसके बाद किसी भी प्रकार से पानी को लेकर जनता को तकलीफ दी गई या बेवकूफ बनाने की कोशिश की गई नारी शक्ति सेवा फाउंडेशन बिल्कुल बर्दाश्त नहीं करेगा और मनपा पानी पराठा विभाग के खिलाफ जबरदस्त तरीके से लोकशाही मार्ग से आंदोलन छोड़ेंगे ऐसा इशारा सुमय्या अली ने दिया।

## महायुति के लोकप्रिय उम्मीदवार उज्जवल निगम का ऐतिहासिक प्रचार रैली संपन्न



**मुंबई हलचल/ संवाददाता**

**मुंबई।** भारतीय जनता पार्टी, शिवसेना, मनसे, आर.पी.आई, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी, एवं रा.स.प महायुति के लोकप्रिय उम्मीदवार एडवोकेट श्री उज्जवल निगम जी का ऐतिहासिक प्रचार रैली वार्ड क्रमांक 88 89 91 में संपन्न हुआ। जिसमें उपस्थित माननीय आमदार भाजपा मुंबई अध्यक्ष श्री आशीष जी शेलार, माननीय आमदार पराग जी अलवणी (भाजपा), माननीय आमदार शिवसेना मंगेश जी कुडालकर, नगरसेवक उत्तर मध्य मुंबई जिला अध्यक्ष भाजपा श्री सुषम जी सामंत, मुंबई उपाध्यक्ष अमरजीत सिंह जी, भाजपा नेता अशोक सिंह जी, विधानसभा अध्यक्ष चंद्रकांत जी मोर, विधानसभा उपाध्यक्ष श्री जितेंद्र शुक्ला जी, वार्ड अध्यक्ष दिनेश अमीन जी, भाजपा एवं महायुति के अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे इस अवसर पर उत्तर मध्य मुंबई पंजाबी सेल के अध्यक्ष लीडर सिंह जी बढ़ चढ़कर भाग लिया।

## मीडिया हब पत्रकार कौंसिल ने पत्रकारों को सम्मान के साथ किया पद नियुक्ति

**मुंबई हलचल/ संवाददाता**

**भिवंडी।** मंगलवार 7 मई को मीडिया हब पत्रकार कौंसिल ने भिवंडी धमनकर नाका के निकट सीटी सेंटर माल में स्थित बंमपा हाल में पत्रकार समारोह का आयोजन किया था। पत्रकार सम्मान समारोह व स्थापना दिवस के इस समारोह में मुख्य अतिथि श्री. दिपक वी. देशमुख (एसीपी भिवंडी वेस्ट) सम्माननीय अतिथि अशोक गुप्ता डीडी न्यूज रिपोर्टर श्री. शरद वासानतरो भोसले- पुन्य नगरी, श्री. गोपाल सिंह ठाकुर- रिपोर्टर दबंग दुनिया, शब्बीर फारुखी- हेडमास्टर रफुद्दिन फकीह हाई स्कूल के सम्मानित लोग की मौजूदगी थी।



इस भव्य सम्मान समारोह में पत्रकार सय्यद नेहाल हसन महाराष्ट्र ब्यूरो चीफ प्रदेश न्यूज प्रभारी और खबरों के तलाश के उपसंपादक मुर्तजा खान के अलावा पच्चासों पत्रकारों को सील्ड व शाल एवं गुलदस्ता भेंट कर सम्मानित किया गया। वहीं आयोजक व मीडिया हब पत्रकार कौंसिल के राष्ट्रीय अध्यक्ष इसरार खान ने नेशनल पत्रकार पदाधिकारियों के अलावा महाराष्ट्र प्रदेश अध्यक्ष व ठाणे शहर अध्यक्ष पद की नियुक्ति पत्र देकर जिम्मेदारी सौंपी। जानकारी के अनुसार राष्ट्रीय अध्यक्ष इसरार खान ने तेज तर्रार युवा पत्रकार व हिंदभूमि टाइम्स के संपादक यूसुफ मंसूरी को नेशनल महासचिव बनाया है, साथ ही नेशनल संदीप गुप्ता को वर्किंग अध्यक्ष और रुबीना शेख को नेशनल आगेर्नाइजेशन सचिव, फिरोज मेमन को नेशनल सचिव, सैयद मुश्ताक हासमी को नेशनल उपाध्यक्ष, निलम तीवारी को नेशनल उपाध्यक्ष बनाया गया है। तो वहीं, फोकस समाचार के प्रकाशक यूसुफ खान (फोकस) को महाराष्ट्र प्रदेश का अध्यक्ष पद पर नियुक्त किया गया है और उनके साथ ही अमृत शर्मा महासचिव महाराष्ट्र प्रदेश, फिरोज शेख उपाध्यक्ष महाराष्ट्र प्रदेश पद पर नियुक्ति पत्र दिया गया है। भिवंडी शहर से फरीद शेख अध्यक्ष भिवंडी शहर, शोहल अंसारी उपाध्यक्ष, शाबान शेख उपाध्यक्ष, शिधार्थ चक्रवर्ती महासचिव, महेश ए. गुप्ता सचिव, मोहम्मद अली आगेर्नाइजेशन सचिव, राजभर रागिनी खजांची, समीर अंसारी मीडिया प्रभारी बनाया गया है और महाराष्ट्र के अलावा परसुराम पाल सदस्य, रहीश अंसारी सदस्य, आरीफ मोमिन सदस्य, सरफराज खान सदस्य, नईम अंसारी सदस्य और अमीर अंसारी सदस्य पद पर नियुक्त किए गए हैं। इस मौके पर राष्ट्रीय अध्यक्ष इसरार खान ने सभी का तहेदिल से धन्यवाद और आभार व्यक्त करते हुए कहा कि हमारी मीडिया हब पत्रकार कौंसिल पत्रकारों को दो लाख रुपए एक्सीडेंटल इंश्योरेंस दे रही है, कुछ पत्रकारों का एक्सीडेंटल इंश्योरेंस हो चुका है और जिनका नहीं हुआ है वह हमारे मीडिया हब पत्रकार कौंसिल से संपर्क करें और दो लाख रुपए का एक्सीडेंटल इंश्योरेंस करवा लें, ताकि भविष्य ज्यादा तो नहीं थोड़ी बहुत मदद मिल सके। हम जानते हैं अगर परिवार के मुखिया की असमय मृत्यु हो जाती है तो घर का खर्च चलाना मुश्किल हो जाता है. परिवार के मुख्य व्यक्ति की पत्नी/बच्चे/माता-पिता आदि को आर्थिक संकट से बचाने के लिए एक्सीडेंटल इंश्योरेंस दिया जा रहा है.बीमा भविष्य में किसी नुकसान की आशंका से निपटने का प्रभावी हथियार है. हमें नहीं पता कि कल क्या होगा, इसलिए हम बीमा पॉलिसी के जरिये भविष्य में संभावित नुकसान की भरपाई की कोशिश कर रहे हैं।

## (पृष्ठ 1 का समाचार)

### जून में शुरू होगा मुंबई मेट्रो 3 का पहला चरण !

पटरियों की स्थिति का मूल्यांकन करने के लिए ट्रेन को सिद्धिविनायक या दादर स्टेशन तक चलाया जाएगा। मुंबई मेट्रो रेल कॉरपोरेशन लिमिटेड (एमएमआरसीएल) का मानना है कि इस रूट पर ट्रायल रन की योजना बनाने के लिए यह शुरूआती रन अनिवार्य है। बता दें कि अब तक दादर स्टेशन तक ओवरहेड विद्युतीकरण (ओएचई) और ट्रैक-बिछाने जैसे प्रमुख कार्य किए जा चुके हैं। मुंबई मेट्रो प्राधिकरण ने कफ परेड-बीकेसी-सीप्ज कॉरिडोर को तीन चरणों में खोलने की योजना बनाई है। सीप्ज को बीकेसी से जोड़ने वाले पहले चरण का संचालन जल्द शुरू हो जाएगा, इसे वर्ली तक बढ़ाया जाएगा, जो की दूसरे चरण में शामिल है। अंतिम चरण में कफ परेड पर समापन होगा। अधिकारी ने बताया कि कई समय डेडलाइन चूकने के बाद, मेट्रो 3 कॉरिडोर के चरण 1 का संचालन जून या जुलाई तक शुरू होने की उम्मीद है। इस खंड में आरे से बीकेसी तक कुल आठ स्टेशन होंगे, जबकि धारावी से वर्ली को जोड़ने वाले चरण दो में तीन स्टेशन होंगे और वर्ली से कफ परेड तक तीसरे चरण में 12 स्टेशन होंगे। यात्री भार के बारे में जानकारी इकट्ठा करने के लिए एमएमआरसीएल ने पहले ही बीकेसी और आरे के बीच मलबे से भरी बोरियों का परीक्षण शुरू कर दिया है। कमर्शियल परिचालन शुरू होने से पहले प्राधिकरण को नामित अधिकारियों- स्वतंत्र सुरक्षा मूल्यांकनकर्ता और मेट्रो रेल सुरक्षा आयुक्त से सुरक्षा प्रमाणपत्र और अनुमोदन प्राप्त करने की आवश्यकता होगी, जिसे जल्द ही प्राप्त कर लिया जाएगा और कमर्शियल रन शुरू हो जाएगा।

### कैदी को चिकित्सकीय उपचार का अधिकार

एक विशेष अदालत ने फरवरी में गोयल को जमानत देने से इनकार कर दिया था, लेकिन उन्हें अपनी पसंद के निजी अस्पताल में भर्ती होने और इलाज कराने की अनुमति दे दी थी। इसके बाद गोयल ने अंतरिम जमानत के लिए उच्च न्यायालय का रुख किया था। न्यायमूर्ति जमादार ने आदेश देने से पहले मेडिकल रिकॉर्ड का अवलोकन किया और कहा, यह मानना ठीक नहीं होगा कि आवेदक (गोयल) बीमार नहीं है। पीठ ने कहा कि किसी कैदी को गंभीर बीमारी से पीड़ित होने पर केवल इसलिये अधर में नहीं छोड़ा जा सकता कि उस पर धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के सख्त प्रावधान के तहत मामला दर्ज है। पीठ ने कहा, एक कैदी को अपने स्वास्थ्य को बनाए रखने के लिए इलाज कराने का अधिकार है। यह राज्य का दायित्व है कि वह किसी कैदी को स्वास्थ्य व उसकी सुरक्षा के लिए आवश्यक उपचार प्रदान करे। एक कैदी गरिमा का हकदार होता है। पीठ ने ईडी की यह दलील कि गोयल एक निजी अस्पताल में अपनी इच्छा के अनुरूप उपचार करा रहे हैं और इसलिए उन्हें जमानत पर नहीं छोड़ा जाना चाहिए, को ठुकरा दिया। ईडी ने गोयल को सितंबर 2023 में और उनकी पत्नी अनीता को नवंबर 2023 में गिरफ्तार किया था। अनीता की उम्र और चिकित्सकीय स्थिति को मद्देनजर रखते हुए एक विशेष अदालत ने उसी दिन जमानत दे दी थी।

### मोदी के लिए 200 पार करना मुश्किल

मंगलवार को मुंबई में महाविकास आघाडी की तरफ से उत्तर मुंबई लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस उम्मीदवार भूषण पाटिल के केंद्रीय चुनाव कार्यालय के उद्घाटन के अवसर पर आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में चेन्निथला बोल रहे थे। इस मौके पर शिवसेना नेता और सांसद संजय राउत, मुंबई कांग्रेस अध्यक्ष और उत्तर मध्य मुंबई लोकसभा सीट से उम्मीदवार वर्षा गायकवाड़, विधायक असलम शेख, महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष नसीम खान, राज्यसभा सांसद चंद्रकांत हंडोरे समेत कई नेता मौजूद रहे। इस अवसर पर बोलते हुए शिवसेना नेता और सांसद संजय राउत ने कहा कि मैं उत्तरी मुंबई के लोगों से अपील कर रहा हूं कि भाजपा ने उत्तरी मुंबई लोकसभा चुनाव में उम्मीदवार की तौर पर जो पेडर रोड का पार्सल उतारा है, उसे वापस पेडर रोड पर भेजें और यहां के भूमिपुत्र भूषण पाटिल को भारी वोटों से चुनकर लाएं। उन्होंने कहा कि भाजपा की प्रचार रैली के दौरान कोलिवाडा में चलते समय भाजपा उम्मीदवार पीयूष गोयल अपनी नाक पर रुमाल लगाकर चल रहे थे। आखिर उन्हें मछली पकड़ कर अपना जीवन यापन करने वाले कोली भाइयों से इतनी घिन क्यों आ रही है। कोली समाज के लोग यहां के मूल भूमिपुत्र हैं।

### मुंबई में चिकन शोरमा खाने के बाद युवक की मौत

बाद में फिर उसकी तबीयत खराब हो गई, जिसके चलते पांच मई को परिवार के सदस्य उसे नगर निगम संचालित केईएम अस्पताल ले गए। ट्रोम्बे थाने के एक अधिकारी ने कहा कि एक चिकित्सक ने उसका इलाज किया और घर भेज दिया। अधिकारी ने कहा कि व्यक्ति की तबीयत लगातार खराब हो रही थी, इसलिए उसे रविवार शाम को फिर से केईएम अस्पताल ले जाया गया, जहां एक चिकित्सक ने जांच कर उसे भर्ती कर लिया। अधिकारी ने कहा कि अस्पताल के अधिकारियों ने मामले की सूचना पुलिस को दी, जिसने अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता के तहत प्राथमिकी दर्ज की। उन्होंने कहा कि सोमवार को व्यक्ति की मौत हो गई। अधिकारी ने कहा कि पुलिस ने दो खाद्य विक्रेताओं - आनंद कांबले और अहमद शेख को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 304 (गैर इरादतन हत्या) समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है।

## खबर संक्षेप

### एचडी रेवन्ना को 14 तक न्यायिक हिरासत में भेजा



**बेंगलुरु।** अपहरण के आरोप का सामना कर रहे कर्नाटक जद (एस) विधायक और पूर्व मंत्री एचडी रेवन्ना को बुधवार को बेंगलुरु की एक मजिस्ट्रेट अदालत ने 14 मई तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया। उनकी जमानत याचिका गुरुवार के लिए पोस्ट की गई है। उनकी गिरफ्तारी तीन बच्चों की मां एक महिला के अपहरण और अवैध रूप से बंधक बनाने से संबंधित मामले में हुई है।

### गैंगरेप के बाद तलवार से अंगुलियां काटी



**बांसवाड़ा।** राजस्थान के बांसवाड़ा जिले में गैंगरेप का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। सेकंड ईयर में पढ़ने वाली छात्रा के साथ दो दरिंदों ने वारदात को अंजाम दिया। आरोपियों ने पहले गैंगरेप किया, फिर तलवार से अंगुलियों को काट डाला। पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं, दूसरे आरोपी की तलाश की जा रही है। आरोपी ने उसे जान से मारने की कोशिश की थी।

### शहरों के नाम बदले, कोर्ट नाम में क्या रखा है?



**मुंबई।** बॉम्बे हाईकोर्ट ने कहा है कि नाम में क्या रखा है? कोर्ट ने यह टिप्पणी इसलिए की है क्योंकि महाराष्ट्र सरकार ने औरंगाबाद जिले का नाम बदलकर छत्रपति संभाजी नगर और उस्मानाबाद का नाम बदलकर धाराशिव करने का फैसला लिया है। इसके खिलाफ कई याचिकाएं दी गई हैं। सभी को खारिज करने के साथ कोर्ट ने कहा कि नाम में क्या रखा है?

### दिल्ली हाईकोर्ट ने केजरीवाल से जुड़ी याचिका की खारिज, साथ ही लगाया जुर्माना

# आपातकाल या मार्शल लॉ लगा देना चाहिए? मीडिया की खबरों पर रोक नहीं लगा सकते

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

हाईकोर्ट में केजरीवाल को जेल से सरकार चलाने देने के लिए विशेष व्यवस्था की एक जनहित याचिका श्रीकांत प्रसाद नाम के एक वकील ने दायर की थी। याचिका में दिल्ली में राष्ट्रपति शासन से संबंधित खबरों पर रोक लगाने की भी मांग की थी।



अदालत ने न सिर्फ पीआईएल को खारिज कर दिया बल्कि याचिकाकर्ता पर एक लाख का जुर्माना भी ठोंक दिया। याचिका में कहा गया था कि केजरीवाल को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग का इंतजाम किया जाए। मीडिया घरानों को सीएम के संभावित इस्तीफे और खबरें देने से रोकने की भी मांग की। एक्टिंग चीफ जस्टिस मनमोहन की अध्यक्षता वाली बेंच ने पैसों को एम्स के खाते में जमा करने के लिए कहा है। कोर्ट ने इस बीच कड़ी टिप्पणी की।

**आप का कहना है कि उसके मुखिया सीएम के पद से इस्तीफा नहीं देंगे और जेल से ही सरकार चलाते रहेंगे**



#### हम प्रेस पर पाबंदी लगाने का आदेश नहीं दे सकते

बेंच ने याचिका की आलोचना करते हुए कहा कि हम क्या कर सकते हैं? आपातकाल लागू करें? सेंसरशिप या मार्शल लॉ लागू करें? हम प्रेस पर प्रतिबंध लगाने का आदेश कैसे पारित कर सकते हैं? केजरीवाल जेल से ही सरकार चलाने पर अड़े हैं। आप का कहना है कि उसके मुखिया सीएम के पद से इस्तीफा नहीं देंगे और जेल से ही सरकार चलाते रहेंगे। इससे पहले भी दिल्ली हाईकोर्ट ने यह कहकर याचिका को खारिज कर दिया था कि इसका फैसला खुद केजरीवाल को करना है या उपराज्यपाल और राष्ट्रपति को करना है।

**ईडी का सुप्रीम कोर्ट में दावा, सबूत है**

#### घोटाले के आरोपी ने दिया केजरीवाल के 7 स्टार होटल में रुकने का पैसा

इस दौरान ईडी के वकील ने एक बड़ा दावा किया। सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने कहा कि गोवा चुनाव के दौरान केजरीवाल 7 स्टार होटल में रुके थे, जिसका पेमेंट शराब घोटाले के एक आरोपी ने किया था। उन्होंने इसे लेकर 'सबूत' का भी जिक्र किया। एसवी राजू ने यह भी कहा कि केजरीवाल की गिरफ्तारी को लेकर हो रही राजनीति से ईडी को कोई सरोकार नहीं है।

**हमारे पास इसका सबूत है**


ईडी का आरोप है कि दिल्ली शराब घोटाले के पैसे का इस्तेमाल 'आप' ने गोवा चुनाव में किया था। ईडी के वकील ने कहा, हमारे पास इसका सबूत है कि केजरीवाल के गोवा में रहने के खर्च का पेमेंट चनप्रीत सिंह ने किया था। केजरीवाल गोवा के ग्रैंड हयात 7 स्टार होटल में रुके थे।

#### अंतरिम जमानत पर कल आएगा फैसला

दिल्ली के कथित शराब घोटाला मामले में केजरीवाल की अंतरिम जमानत पर सुप्रीम कोर्ट शुक्रवार को आदेश पारित कर सकता है। सुनवाई करने वाली पीठ की अध्यक्षता करने वाले न्यायमूर्ति संजीव खन्ना ने कहा कि हम शुक्रवार को अंतरिम आदेश (अंतरिम जमानत पर) सुनाएंगे।

### झारखंड में पहले मिला था 'नोटों का पहाड़'

# लाल को 'मंत्रालय' ले जाकर मारा छापा, भारी कैश बरामद





मुंबई हलचल / रांची

झारखंड में इस वक्त प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की बड़ी कार्रवाई की खबर है। ईडी की टीम झारखंड के ग्रामीण विकास मंत्रालय में छापेमारी कर रही है।

प्रवर्तन निदेशालय के अधिकारी गिरफ्तार आरोपी संजीव लाल को प्रोजेक्ट भवन लेकर पहुंची है जहां ग्रामीण विकास मंत्रालय है और रेड कर रही है। इतना ही नहीं ईडी की टीम को संजीव लाल के दफ्तर से भी कैश मिला है। आरोपी संजीव लाल झारखंड के ग्रामीण विकास मंत्री आलम गीर का निजी सचिव है। 2 दिन पहले भी 6 ठिकानों पर कार्रवाई कर चुकी है। उस कार्रवाई में प्रवर्तन निदेशालय को 35 करोड़ से अधिक रुपए मिले थे।

#### इसके पहले भी ईडी ने की यहां छापेमारी

ईडी ने ने राज्य के ग्रामीण विकास विभाग के चीफ इंजीनियर विरेंद्र के. राम को फरवरी 2023 में एक मनी लॉन्ड्रिंग मामले में गिरफ्तार किया था। उन पर कथित तौर पर मनी लॉन्ड्रिंग और अनियमितताओं के कुछ आरोप थे। उसी मामले में ईडी की टीम ने विरेंद्र के. राम और उनके करीबियों के ठिकानों पर छापेमारी की थी। इसके अलावा झारखंड सरकार के मंत्री आलम गीर के निजी सचिव संजीव लाल के घरेलू नौकर के ठिकानों पर भी छापेमारी की थी। आरोपी संजीव लाल के नौकर के घर पर हुई छापेमारी में ईडी को बड़ी रकम बरामद हुई थी। उसके रेड के बाद अब ईडी की टीम ग्रामीण विकास मंत्रालय में रेड कर रही है।

### दो साल पहले किए वादे को किया पूरा

# आतंकवाद से निपटने के लिए भारत ने 5 लाख डॉलर दिए

***ट्रस्ट फंड फॉर काउंटर टेररिज्म (सीटीटीएफ) में भारत अब तक दे चुका है 25.5 लाख डॉलर का वित्तीय समर्थन***



मुंबई हलचल / नई दिल्ली

वैश्विक स्तर पर आतंकवाद का खतरा बढ़ता जा रहा है। अफ्रीका में आतंकवाद के बढ़ते खतरे के मुद्दे को संबोधित करना पिछले कुछ वर्षों से भारत की आतंकवाद-विरोधी प्राथमिकताओं में से एक रहा है। साल 2022 में अक्तूबर में विदेश मंत्री जयशंकर ने आतंकवाद से निपटने के लिए 5 लाख डॉलर देने का ऐलान किया था। आतंकवाद का मुकाबला करने के लिए भारत ने संयुक्त राष्ट्र ट्रस्ट फंड फॉर काउंटर टेररिज्म (सीटीटीएफ) में 5 लाख डॉलर का योगदान दिया है। इसके साथ ही ट्रस्ट फंड में भारत का अब वित्तीय समर्थन 25.5 लाख डॉलर हो गया है।

संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी प्रतिनिधि राजदूत रुचिरा कंबोज ने भारत आतंकवाद विरोधी संस्था के प्रयासों को बल देने के लिए सीसीटीएफ में 5 लाख डॉलर का स्वैच्छिक योगदान संयुक्त राष्ट्र आतंकवाद निरोधक कार्यालय (यूएनओसीटी) के अवर महासचिव व्लादिमीर वोरोंकोव को सौंपा।

#### आतंकवादियों की आवाजाही रोकना मकसद

कंबोज ने कहा कि भारत यूएनओसीटी के वैश्विक कार्यक्रमों मुख्य रूप से आतंकवाद के वित्तपोषण का मुकाबला (सीएफटी) और आतंकवाद यात्रा कार्यक्रम (सीटीटीपी) का मुकाबला करने में मदद करेगा। इसका उद्देश्य पूर्वी और दक्षिणी अफ्रीका के सदस्य देशों की क्षमता को बढ़ाना है ताकि वे आतंकवाद के वित्तपोषण के महत्वपूर्ण मुद्दों से निपट सकें और आतंकवादियों की आवाजाही एवं यात्रा को रोक सकें। भारत आतंकवाद के खतरे से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए सदस्य देशों की क्षमता निर्माण में सहयोग दे रहा है। यूएनओसीटी द्वारा किए गए जनादेश और कार्यों को बहुत महत्व देता है।

### आंध्र प्रदेश: सत्तारूढ़ वाईएसआर कांग्रेस को चुनौती देने को तैयार राजग गठबंधन!

# कांग्रेस भी नई चुनावी रणनीति के साथ खोई सियासी जमीन तलाशने में जुटी

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

दक्षिण भारत की सियासत के साथ देश में सत्ता की हैट्रिक बनाने की रणनीति से चुनाव मैदान में उतरी भाजपा ने आंध्र प्रदेश में सत्तारूढ़ वाईएसआर कांग्रेस को चुनौती देने के लिए तेलुगू देशम पार्टी और जन सेना पार्टी के साथ गठबंधन किया है। प्रदेश के विभाजन के बाद आंध्र प्रदेश में लोकसभा और विधानसभा के लिए यह दूसरा चुनाव है।



2019 के चुनाव में वाईएसआर ने राज्य की 22 लोकसभा और विधानसभा की 151 सीटें जीतकर सभी राजनैतिक गठबंधनों को आईना दिखा दिया था। इस बार के लोकसभा और विधानसभा में भाजपा ने अपनी शून्यता खत्म करने के मकसद से राज्य के दलों के सहयोग से नए सिरे से जमीनी चुनावी रणनीति तैयार की है। पिछले लोकसभा चुनाव में भाजपा की तरह खाली हाथ लौटी कांग्रेस भी इंडिया गठबंधन के साथ नई चुनावी रणनीति से अपनी खोई हुई सियासी जमीन का आधार तलाशने में जुटी है। यहां की 25 लोकसभा और 175 विधानसभा सीटों के लिए चौथे चरण में 13 मई को एक साथ होने वाले चुनाव में राजग और इंडिया गठबंधन ने उसको चुनौती देने के इरादे से चुनावी जंग में कदम रखा है। लोकसभा चुनाव-2019 में वाईएसआर कांग्रेस ने 25 में से 22 और विधानसभा की 175 में 151 सीटें जीतकर सबको चौंकाया था। राजग में तेदेपा व भाजपा ने मिलकर चुनाव लड़ा था, लेकिन तेदेपा को लोकसभा में 3 और विधानसभा में 23 सीटों पर संतोष करना पड़ा था।

#### क्या है सियासी दलों की रणनीति

भाजपा दक्षिण भारत में अपनी सियासी ताकत बढ़ाने में जुटी है। इसलिए भाजपा ने आंध्र प्रदेश में सत्तारूढ़ दल वाईआरएस कांग्रेस के साथ गठबंधन करने का प्रयास किया था। लेकिन विभाजन के बाद पहली बार साल 2019 के चुनाव में 25 लोकसभा सीटों में से 22 सीटे जीतकर सिरमौर साबित हुई जगनमोहन रेड्डी की वाईएसआर कांग्रेस ने अकेले दम पर ही चुनाव लड़ने की रणनीति से सभी सीटों पर उम्मीदवार उतार दिए हैं। 6 साल के अंतराल बाद आंध्र की तेलुगू देशम पार्टी के मुखिया चंद्रबाबू नायडू ने भाजपा के साथ गठबंधन करके चुनाव मैदान में उतरने का फैसला किया, जिसमें अभिनेता रहे पवन कल्याण की जन सेना पार्टी भी उसकी सहयोगी बनी। इस गठबंधन के तहत आंध्र प्रदेश की 25 लोकसभा सीटों में तेदपा ने 17, भाजपा ने 6 और जेएसपी ने 2 सीटों पर अपने उम्मीदवारों को चुनावी जंग में उतारा है। वहीं इंडिया गठबंधन का नेतृत्व कर रही कांग्रेस ने राज्य में वापसी करने के इरादे से चुनाव रणनीति बनाकर 23 सीटों पर अपने प्रत्याशी उतारे हैं, जबकि एक-एक सीट अपने सहयोगी दलों सीपीआई और सीपीआई (एम) को दी है।

#### मतदाताओं का चक्रव्यूह

यहां 25 लोकसभा सीटों में से 4 एससी और एक एसटी के लिए आरक्षित है। 454 प्रत्याशियों के सामने भेदने के लिए संख्या 4,09,37,352 मतदाओं का चक्रव्यूह बना है, जिसमें 2,00,84,276 पुरुष, 2,08,49,730 महिला और 3,346 थर्डजेंडर मतदाता शामिल हैं। वहीं 67,393 सर्विस मतदाता, 7763 प्रवासी, 5,17,140 दिव्यांग मतदातओं के अलावा 85 साल से अधिक आयु वाले 2,12,237 बुजर्ग मतदाता भी मतदान करने के लिए अधिकृत है। खास बात ये भी है कि आंध्र प्रदेश में 18-19 साल के 9,01,863 युवा मतदाता पहली बार वोटिंग करेंगे।

#### मतदान केंद्रों की व्यवस्था

आंध्र प्रदेश में 46,165 मतदान केंद्र बनाए गए हैं, जिनमें 179 महिला प्रबंधित मतदान दल, 63 मतदान केंद्र दिव्यांगजन द्वारा प्रबंधित, 50 मतदान केंद्र युवाओं द्वारा प्रबंधित और 555 मॉडल मतदान केंद्र बना शामिल हैं। एक मतदान केंद्र पर अधिकतम 1500 मतदाता वोटिंग करेंगे। मतदान के दौरान वरिष्ठ नागरिकों और विशेष रूप से विकलांग मतदाताओं के लिए विशेष व्यवस्था की जाएगी, ताकि वे आसानी से अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें। चुनाव आयोग के अनुसार मतदान के दौरान सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए स्थानीय पुलिस बल के पूरक के लिए आंध्र प्रदेश को केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) की 100 कंपनियां आवंटित की गई हैं।

#### *इन लोकसभा सीटों पर होगा मतदान*

*आंध्र प्रदेश में चौथे चरण में जिन सभी 25 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में चुनाव होगा, उनमें अरुकु, श्रीकाकुलम, विजयनगरम, विशाखापत्तनम, अनाकापल्ली, काकीनाडा, अमलापुरम, राजमुंदरी, नरसापुरम, एलुरु, मछलीपट्टनम, विजयवाड़ा, गुंटूर, नरसारावपेट, बापटला, ओंगोल, नंद्याल, कुरनूल, अनंतपुर, हिंदूपुर, कडप्पा, नेल्लोर, तिरूपति, राजमपेट, और चित्तूर सीट शामिल हैं।*

# 'अतिक्रमण हटाओ वरना आएगा बुलडोजर', देहरादून में 560 अवैध निर्माण चिह्नित, सिर्फ एक सप्ताह का मिला अल्टीमेटम

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**देहरादून।** रिस्पना के किनारों पर चिह्नित किए गए अवैध निर्माण के विरुद्ध नगर निगम ने कार्रवाई शुरू कर दी है। निगम की भूमि पर वर्ष 2016 के बाद किए गए कब्जों को नोटिस जारी कर एक सप्ताह का अल्टीमेटम दिया गया है। एनजीटी के निर्देश पर निगम की ओर से रिस्पना नदी के किनारे 27 बस्तियों का सर्वे कर 560 अतिक्रमण चिह्नित किए गए है। जिनमें एमडीडीए और मसूरी नगर पालिका की भूमि भी शामिल है। एनजीजी के निर्देश पर नगर निगम ने काठबंगला बस्ती के निकट से मोथरोवाला तक करीब 13 किमी दूरी पर रिस्पना के किनारे स्थित 27 मलिन बस्तियों में सर्वे किया। जहां वर्ष 2016 के बाद किए गए निर्माण को चिह्नित किया गया। मलिन बस्ती के संबंध में अध्यादेश लागू किए जाने के बाद नियमानुसार वर्ष 2016 के बाद के निर्माण अवैध माने गए हैं। सर्वे के दौरान निगम ने कुल 560 अतिक्रमण चिह्नित किए। सर्वे की रिपोर्ट शासन को सौंप दी गई है। साथ ही बुधवार को निगम की ओर से अपनी भूमि पर चिह्नित अतिक्रमण के विरुद्ध नोटिस जारी कर दिए गए हैं। अतिक्रमण हटाने को लेकर एक सप्ताह का समय दिया गया है, जिसके बाद नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। हालांकि, इसमें ज्यादातर कब्जे एमडीडीए की भूमि पर बताए जा रहे हैं। रिस्पना रिवर फ्रंट योजना के लिए एमडीडीए को दी जा रही खाली जमीन पर धड़ल्ले से कब्जे किए गए। कुल 560 में से 400 के करीब कब्जे इसी भूमि पर चिह्नित किए गए। राजपुर से सटे क्षेत्र में करीब 12 अतिक्रमण नगर पालिका मसूरी की भूमि पर हैं। इस संबंध में निगम की ओर से उन्हें जानकारी दी गई है।



### इन बस्तियों में पाए गए ज्यादातर कब्जे

निगम के सर्वे में सबसे अधिक कब्जे काठबंगला बस्ती, जाखन बस्ती, वीर गबर सिंह बस्ती, चीड़ोवाली क्षेत्र, कंडोली, करनपुर से सटी बस्ती, डालनवाला के पास बस्ती क्षेत्र, लोअर राजीव नगर, अजबपुर कलां की बस्ती में मिले हैं। सर्वे के दौरान पाया गया कि रिस्पना नदी के किनारे खाली पड़ी सरकारी भूमि पर किसी ने बाउंड्रीवाल कर कब्जा कर दिया। जबकि, किसी ने गोशाला व सुअरों का बाड़ा बना दिया।

## पालतू जानवरों का बाजार 14 फीसदी की दर से बढ़ रहा

# भारतीय पालतू पशु बीमा बाजार में तेजी से वृद्धि की संभावना: विशेषज्ञ

मुंबई हलचल / कोलकाता

भारत में पालतू जानवरों की देखभाल का बाजार करीब 14 प्रतिशत की दर से बढ़ रहा है और 2025 तक इसके 6,500 करोड़ रुपये के पार जाने की उम्मीद है। बीमा कंपनियां इस क्षेत्र में हिस्सेदारी लेने के लिए भरसक प्रयास कर रही हैं।

उद्योग विशेषज्ञों ने कहा कि बीमा कंपनियां पालतू जानवरों को गोद लेने की बढ़ती दर और इनकी सुरक्षा के लिए चिकित्सकीय उपचार की बढ़ती लागत को पूरा करने के लिए विशेष योजनाओं के साथ इस तेजी से विकसित हो रहे बाजार की जरूरतें पूरी करने की कोशिश कर रही हैं।


### जानवरों का बीमा उत्पाद कुछ वर्षों पहले अस्तित्व में आया

फ्यूचर जनरली इंडिया इंश्योरेंस के मुख्य वितरण अधिकारी रमित गोयल ने कहा, 'हालांकि भारत में पालतू जानवरों का बीमा उत्पाद कुछ वर्ष पहले ही अस्तित्व में आया लेकिन वैश्विक महामारी के बाद पिछले कुछ वर्षों में इसमें उल्लेखनीय प्रगति हुई है। इसमें पालतू जानवरों को गोद लेने में वृद्धि और इनके प्रति स्नेह के कारण ऐसी बीमा पेशकशों की मांग में वृद्धि हुई है।'

### वर्ष 2025 तक इसके 6500 करोड़ के पार जाने की उम्मीद

### भारत दुनिया का सबसे तेजी से बढ़ता पशु बाजार

भारत को दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ते पालतू पशु बाजारों में से एक माना जाता है, जिसकी वार्षिक वृद्धि दर करीब 14 प्रतिशत है। देश के पालतू पशु देखभाल बाजार के 2025 तक 80 लाख अमेरिकी डॉलर तक पहुंचने की संभावना है।



### बीमा के प्रति जागरूकता बढ़ानी होगी

बजाज आलियांज जनरल इंश्योरेंस के मुख्य प्रौद्योगिकी अधिकारी (सीटीओ) टी. ए. रामलिंगम ने कहा, 'पालतू जानवरों को अधिक गोद लेने और उन्हें परिवार का सदस्य समझना पालतू जानवर के बीमा के प्रति बढ़ती जागरूकता तथा मांग को बढ़ावा दे रहा है..।'

- बीमा कंपनियां इस क्षेत्र में हिस्सेदारी लेने के लिए प्रयासरत
- गोद लेने व चिकित्सकीय उपचार की लागत पूरी होने की संभावनाएं

### कुत्तों के लिए बीमा कराने की काफी संभावनाएं

गोयल ने कहा, 'आंकड़ों के अनुसार भारत में पालतू पशुओं खासकर कुत्तों के लिए बीमा कराने की काफी संभावनाएं हैं। यह वृद्धि पालतू जानवरों की देखभाल की जिम्मेदारियों तथा पशु चिकित्सा लागत में वृद्धि के बारे में बढ़ती जागरूकता की वजह से है। बीमाकर्ता इस जरूरत को ध्यान में रखते हुए विशेष उत्पाद बना रहे हैं।'

### जागरूकता की काफी कमी

एचडीएफसी एर्गो जनरल इंश्योरेंस के निदेशक एवं मुख्य कारोबार अधिकारी पार्थनील घोष ने कहा, पालतू जानवरों के बीमा की जरूरत और आपात स्थितियों में इस उत्पाद से मिलने वाले फायदों के बारे में जागरूकता की काफी कमी है।

### हर साल छह लाख पालतू जानवर गोद लिए जाते हैं

इस उत्पाद के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए कंपनी की पहल में से एक थी...ऐप पर पालतू जानवरों के परिवेश तंत्र को समर्पित एक विकल्प देना...। बताया जाता है कि भारत में हर साल 6,00,000 पालतू जानवरों को गोद लिया जाता है, जिनमें से 63 प्रतिशत कुत्ते और 37 प्रतिशत बिल्लियां होती हैं।

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

# ये हैं केसर के बेमिसाल फायदे, आप भी करें ट्राई



केसर में विटामिन ए, फोलिक एसिड, तांबा, पोटेशियम, कैल्शियम, मैंगनीज, लोहा, सेलेनियम, जिंक, मैग्नीशियम और अन्य कई पोषक तत्व पाए जाते हैं। इसके अलावा लाइकोपिन, अल्फा कैटरिन, बीटा कैरोटिन के गुण भी इसमें मौजूद होते हैं जो शरीर को बहुत सी बीमारियों से बचाते हैं। केसर स्वास्थ को ठीक रखने के साथ ही सुंदरता को भी बढ़ाता है। केसर का उपयोग कई तरह के पकवाने में रंग और खुशबू को बढ़ाने के लिए किया जाता है। इसकी तासीर गर्म होती है इसलिए इसका सेवन सर्दी के मौसम में करना बेहतर है। आज हम आपको केसर के कुछ ऐसे फायदों के बारे में बताएंगे जिनके बारे में आप शायद ही जानते होंगे। तो चलिए जानते है केसर के अन्य फायदे ।

**1. बुखार को दूर करना**
केसर बुखार, सर्दी, जुकाम को दूर करने में सहायक है। एक गिलास दूध में चुटकी भर केसर और शहद मिलाकर पीएं। इसके अलावा आप केसर में पानी डालकर उसका पेस्ट बनाएं। इस पेस्ट को गर्दन, छाती पर लगाने से सर्दियों में होने वाली बीमारियों से राहत मिलती है।

**2. सिर दर्द करें ठीक**
केसर के साथ चंदन को मिलाकर माथे पर लगाने से आखें, दिमाग को ऊजा पहुंचाती है। इस पेस्ट के इस्तेमाल से सिर दर्द से राहत मिलती है।

**3. चेहरे की खूबसूरती बढ़ाएं**
केसर में चंदन और दूध मिलाकर फेस पैक तैयार करें। पैक को 20 मिनट के लगाने के बाद गुनगुने पानी से धो लें। हफ्ते में 1-2 बार लगाने से चेहरे की रंग में फर्क दिखाई देन लगेगा।

**4. उम्र बढ़ने से रोकना**
इसमें एंटी- ऑक्सीडेंट पाया जाता है जो व्यक्ति की उम्र नहीं बढ़ने देता। कच्चे पपीते में चुटकी भर केसर मिलाकर लगाने से चेहरे को साफ, रोग मुक्त, सुंदर, मुलायम बनाए रखता है।

**5. डिप्रैशन से राहत**
जिन व्यक्तियों को डिप्रैशन की परेशानी है उनके लिए केसर बहुत मददगार है। केसर में ऐसे सेरोटिनन और कैमिकल होते हैं जो हमें कभी उदास नहीं होने देते। रोजाना केसर वाला दूध पीने से रंग साफ होने के साथ ही डिप्रेशन की समस्या भी खत्म होती है।

**6. आंखों की रोशनी तेज**
आजकल आंखों की रोशनी कम होने की समस्या बच्चों से लेकर बूढ़ों तक हर कोई परेशान है। इस समस्या से राहत पाने के लिए रोजाना केसर का सेवन करें।

**7. मासिक धर्म का दर्द से छुटकारा**
कुछ महिलाओं को मासिक धर्म के दौरान दर्द, चिडचिडापन, थकावट, सूजन, ऐंठन जैसी समस्याएं होती है। हर दिन केसर वाला दूध या चाय पीने से फायदा मिलता है।

**8. अस्थमा से बचाव**
सर्दियों के दिनो में अस्थमा की समस्या बहुत बढ़ जाती है। कुछ दिनों तक हर दिन 3-4 बार केसर वाली चाय पीने से अस्थमा की

# ऊनी कपड़ों से है एलर्जी तो करें ये काम



सर्दियों के मौसम में सर्द हवाओं से बचने के लिए गर्म ऊनी कपड़े पहनते हैं। ऊनी गर्म कपड़े सर्दी से तो बचाते ही हैं इसके साथ ही यह इस मौसम में स्टाइल स्टेटमेंट का भी खास हिस्सा माने जाते हैं। आप शॉल,जैकेट्स,स्वैटर,पोंचू आदि पहन कर भी फैशनेबल दिख सकते हैं लेकिन कई बार गर्म कपड़ों के फैब्रिक से एलर्जी कुछ लोगों को स्किन एलर्जी की परेशानी भी हो जाती है। ऐसी खासकर पश्मीना फैब्रिक से बने कपड़ों से यह समस्या ज्यादा होती है। इससे स्किन पर लालगी,खुजली या रैशेज हो सकते हैं। आप भी इससे परेशान हैं तो जानें किस तरह से करें इससे अपना बचाव।

**ऊन से एलर्जी की पहचान**
एलर्जी दो तरह की हो सकती है एक जिनकी स्किन सेंसिटिव होती है उन्हें और दूसरी जिनकी त्वचा शुष्क होती है। आप इससे अपना बचाव कर सकते हैं।
शरीर पर खारिश होना
लाल दाने होना
जलन होना आदि
ऐसे करें बचाव

**1. गुनगुने पानी से नहाएं**
ज्यादा गर्म पानी से नहा कर भी त्वचा में रूखापन आ जाता है। नहाने से पहले त्वचा पर ग्लिसरीन और गुलाब जल लगा कर गुनगुने पानी से नहाएं।

**2. जैतून तेल से मसाज**
त्वचा पर रूखापन न होने दें और क्रीम की जगह पर ऑलिव ऑयल से स्किन की पहचान करें।

**3. कॉटन के इनरवियर पहनें**
सर्दी से बचने के लिए ऊनी कपड़े पहनने बहुत जरूरी है लेकिन इनसे पहले कॉटन के इनरवियर पहनें। इससे ऊन स्किन पर टच नहीं करेगी। एलर्जी से भी बचाव रहेगा।

**4. एलर्जी को पहचाने**
पहले यह पहचानना बहुत जरूरी है कि आपको किस वुलेन फैब्रिक से एलर्जी है। वह फैब्रिक पहनने से परहेज करें। ज्यादातर लोगों के पशमीना पहनने से संक्रमण होता है।

**5. धूप लगाएं**
कपड़े बहुत समय से बंद करके रखे हैं तो इनको धूप जरूर लगवाएं। इससे एलर्जी होने का डर कम रहता है।

# शादी से पहले मेकअप ट्रायएल लेते समय इन बातों पर रखें खास ध्यान



सभी लड़कियां अपनी शादी के दिन सबसे खूबसूरत दिखना चाहती हैं। इसलिए वह अपने लिए सबसे बैस्ट लहंगा चुनती है और एक बार उसका ट्रायएल जरूर लेती है, ताकि शादी के दिन उसे किसी भी प्रकार की दिक्कत न हो। दुल्हन का सिर्फ लहंगा ही नहीं मेकअप भी अच्छा होना चाहिए, तभी परफैक्ट ब्राइड लगती है लेकिन शादी से पहले एक बार मेकअप ट्रायएल लेना भी जरूरी है। अगर आप सोच रही है ऐसा क्यों तो आज हम आपको बताएंगे कि क्यों शादी से पहले मेकअप ट्रायएल लेना ही बेहतर है।

शादी से पहले मेकअप ट्रायएल लेने से काफी फायदे होते है। एक तो आपका पता चल जाता है कि आपकी स्किन पर कौन से प्रॉडक्ट सूट करेंगे और दूसरा आपको इस बात का पता भी चल जाता है कि आपको उन प्रॉडक्ट्स के साथ कोई साइड-इफैक्ट तो नहीं होगा।

मेकप आर्टिस्ट के पास कई ऐसे प्रॉडक्ट्स हो सकते है, जिससे स्किन को एलर्जी हो सकती है, वहीं आपको शादी के दिन होने वाली हेयरस्टाइल के बारे में भी पता चल जाता है, जो आपके ब्राइड लुक को परफैक्ट बनाता है। इसलिए बेहतर है क अगर आपकी शादी होने जा रही है तो पहले ही एक बार मेकअप ट्रायएल ले लें, ताकि शादी के दिन किसी तरह की कोई परेशानी न खड़ी हो जाए।

मेकअप से पहले रखें इन बातों का ख्याल

- मेकअप, हमेशा क्लीन चेहरे पर करवाएं, तभी मेकअप आर्टिस्ट आपकी स्किन टोन और टेक्सचर को समझकर सही मेकअप कर पाएगा।
- अपनी वैडिंग आउटफिट् के हमेशा साथ लेकर जाए, ताकि मेकअप आर्टिस्ट लहंगे के कलर के अनुसार मेकअप कर सकें।
- अगर आपकी स्किन पर कोई प्रॉडक्ट्स सूट नहीं करता और आपको उससे एलर्जी होने का खतरा है तो मेकअप आर्टिस्ट को पहले ही बता दें।
- मेकअप ट्रायएल में अपने हेयरस्टाइल जरूर देंखे, ताकि आप शादी के दिन उसमें परफैक्ट दुल्हन दिख सकें।



दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर



# मल्लिका शेरावत का खुलासा

**बॉलीवुड** एक्ट्रेस मल्लिका शेरावत को उनके बोल्ड रोल्स और मस्तमौला अंदाज के लिए जाना जाता है। मल्लिका किसी ना किसी वजह से अक्सर चर्चा में रहती हैं। पिछले दिनों एक बार फिर वह चर्चा में आई थीं। दरअसल सोशल मीडिया पर कुछ ट्रोल्स ने कहा था कि भारत में होने वाले रेप के लिए मल्लिका शेरावत की फिल्में भी जिम्मेदार हैं। मल्लिका ने इस मुद्दे पर खुलकर बातचीत करते हुए ट्रोल्स को करारा जवाब दिया है। इसके साथ ही उन्होंने अपने बॉलीवुड करियर के बारे में भी बात की है। मल्लिका ने बताया कि उन्हें 20-30 फिल्में सिर्फ इसलिए गंवानी पड़ी थीं क्योंकि उन्होंने इनके लिए 'समझौता' करने से इनकार कर दिया था। मल्लिका ने कहा कि असल जिंदगी में वह वैसी बिल्कुल नहीं हैं जैसी फिल्मों में दिखाई देती हैं। उन्होंने कहा कि एक अच्छे परिवार से होने के बावजूद उन्हें कमतर समझा जाता था। मल्लिका ने कहा, मुझे 20-30 फिल्में नहीं मिलीं क्योंकि मैंने वो सब नहीं किया जो मुझे ठीक नहीं लगा। मैं जो कुछ स्क्रीन पर करती हूं, रियल लाइफ में उससे बहुत अलग हूं। मैंने शुरू में ही सोच लिया था कि मुझे क्या नहीं करना है जिसके कारण मैंने बहुत सी फिल्में खो दीं। लेकिन मैं खुश हूं कि मुझे अपनी शर्तों पर अभी भी काम मिल रहा है और बढ़िया मौके मिल रहे हैं।

# तापसी को है अपनी सफलता पर गर्व



**तापसी पन्नू आज बॉलीवुड में किसी पहचान की मोहताज नहीं हैं। फिल्म इंडस्ट्री को एक से बढ़कर एक हिट फिल्म देने वाली तापसी के लिए यह सफर बिल्कुल भी आसान नहीं था। पिछले दिनों एक इंटरव्यू के दौरान अभिनेत्री अपने संघर्ष के दिनों को याद करती नजर आईं। साथ ही साथ उन्होंने बॉलीवुड के पैपराजी कल्चर पर भी अपनी बात को बेबाकी से रखा। आखिरी बार तापसी पन्नू शाहरुख खान के साथ उनकी फिल्म 'डंकी' में नजर आई थीं। दर्शकों को इस फिल्म में उनका किरदार काफी पसंद भी आया था। तापसी बॉलीवुड में अलग किस्म की भूमिकाएं निभाने के लिए मशहूर हैं। तापसी कहती हैं, 'मैंने अपने करियर के शुरूआत से ही अलग-अलग किस्म की भूमिकाओं को चुना है'। तापसी पन्नू अपनी बात जारी रखते हुए कहती हैं, 'मैंने फिल्म 'बेबी' और 'नाम शबाना' जैसी फिल्मों के एक्शन किया है। वहीं मैंने 'सांढ़ की आंख' और 'मनमर्जियां' जैसी फिल्में भी की हैं। मुझे अलग-अलग किरदार निभाने में काफी मजा आता है'। 'हसीन दिलरुबा' स्टार तापसी पन्नू कहती हैं, 'आज मैं जहां हूं वहां पहुंचने के लिए मैंने काफी मेहनत की है। यह सफलता मुझे यूं ही नहीं मिल गई है। अब मैं जहां हूं वहां से मैं आराम से अपने करियर के साथ निजी जिंदगी पर भी ध्यान दे सकती हूं। करियर के साथ जिंदगी में संतुलन रहे यह भी जरुरी है'। तापसी पन्नू अपनी निजी जिंदगी के बारे में सोशल मीडिया पर निजता बरतती हैं। वे अपनी जिंदगी से जुड़ी बातों को सबके साथ साझा करने में विश्वास नहीं करती हैं। वहीं बॉलीवुड में पैपराजी कल्चर के बारे में बात करते हुए कहती हैं, 'पैपराजी को कलाकारों की निजता का सम्मान करना चाहिए।**



# इम्प्रेस हुए आमिर खान

**बॉलीवुड** के मिस्टर परफेक्शनिस्ट आमिर खान का अंदाज सबसे जुदा है। फिर चाहे वो रील लाइफ हो या रियल लाइफ। आमिर खान हर जगह सबसे अलग ही अंदाज में नजर आते हैं। बाकी स्टार्स की तरह आमिर खान भी सोशल मीडिया से जुड़े हुए हैं लेकिन वह ज्यादा एक्टिव होकर सोशल मीडिया का इस्तेमाल नहीं करते। हालांकि जब भी आमिर कोई पोस्ट करते हैं या तो कोई अहम जानकारी देते हैं तो उसके चर्चे भी दूर-दूर तक होते हैं। अब आमिर खान ने एक वीडियो की तारीफ कर दी है। आमिर खान ने एक वीडियो सॉन्ग पोस्ट किया है, जो उनकी फिल्म तारे जमीं पर के टाइटल ट्रैक को रिक्रिएट करके बनाया गया है। ये एक मैशअप वीडियो है जिसे पेन मसाला नाम के म्यूजिक ग्रुप से बनाया है। पेन मसाला ने आमिर की फिल्म तारे जमीं पर के टाइटल ट्रैक और हॉलीवुड के फेमस बैंड कोल्डप्ले के गाने पैराडाइस का मैशअप किया है। इसमें ग्रुप के मेम्बर अजय वशिष्ट पैराडाइस और देव शौर्य सिंघल ने तारे जमीं पर गाने को गाया है। वीडियो को देखने के बाद आमिर काफी इम्प्रेस हो गए हैं। उन्होंने इस वीडियो को शेयर करते हुए पेन मसाला की पूरी टीम की तारीफ की है।